प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 11.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जनपद महोबा के समस्त पुलिस थानों/कार्यालयों में चलाया गया !! स्वच्छता अभियान !!

आज दिनांक 11.08.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु हर्षिता गंगवार व पुलिस लाइन में नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ पुलिस लाइन परिसर में साफ-सफाई की गयी जिसमें प्रतिसार निरीक्षक व क्षेत्राधिकारी लाइन को निर्देशित किया कि- पुलिस लाइन में जितने भी पौधे लगे हैं उनको बचाने हेतु ट्री गार्ड लगाये जायें, मौसम को देखते हुये नालियों की साफ-सफाई नियमित रुप से करायी जाये, आर-ओ प्लान्ट को चेक किया जिसमें मानक के अनुरुप टीडीएस रखने के निर्देश दिये तथा पुलिस लाइन में अवस्थित नवग्रह गार्डेन के चारों तरफ बैरीकेडिंग कर गेट लगाये जाने के निर्देश दिये।

इसी क्रम में जनपद महोबा पुलिस के समस्त राजपत्रित/अराजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने थानों/कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाकर थाना कार्यालय, बैरक, थाना परिसर, प्रशासनिक भवन, मेस, परिसर एंव छतों/दीवारों एवं विशेषकर खाली पड़े स्थानों पर बेतरतीब उगी हुई घास को काटा गया व गंदगी की साफ सफाई की गयी तथा आमजनमानस को भी स्वच्छता का सन्देश देकर स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया।











प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 11.08.2022


# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस द्वारा आवास/पुलिस लाइन/कार्यालयों व थानों में झण्डागीत/राष्ट्रगान के साथ लगाया गया तिरंगा झण्डा।

आगामी 15 अगस्त 2022 को भारतीय स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर आज दिनांक 11.08.2022 से 17.08.2022 तक आजादी के अमृत महोत्सव के रुप में मनाये जाने हेतु शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के श्रृंखला के क्रम में आजादी के अमृत महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ एवं गरिमामयी रुप से मनाये जाने के सम्बन्ध में आज दिनांक 11.08.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक आवास व पुलिस लाइन में झण्डागीत/राष्ट्रगान के साथ तिरंगा झण्डा लगाया गया व समस्त पुलिस कर्मचारियों / जन-मानस में देशभक्ति की भावना जागृत की गयी।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में व जनपदीय पुलिस के समस्त राजपत्रित/अराजपत्रित अधिकारियों द्वारा में अपने थाना/कार्यालय में झण्डागीत/राष्ट्रगान के साथ तिरंगा झण्डा लगाया गया।









# महोबा पुलिस



## आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे "हर घर तिरंगा" अभियान के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा भव्य तिरंगा रैली निकाली गई-

हमारे भारतवर्ष की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मनाए जा रहे "आजादी का अमृत महोत्सव" के तहत 'हर घर तिरंगा' अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में आज दिनांक 11.08.2022 को क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा आम नागरिकों एवं पुलिसकर्मियों को राष्ट्रध्वज वितरण कर थाना क्षेत्रान्तर्गत में तिरंगा रैली निकाली गई।

यह तिरंगा यात्रा कुलपहाड़ शहर के विभिन्न स्थानों गोदी चौराहा, रोडवेज बस स्टैंड, मुख्य बाजार, बस स्टैंड होते हुए शहर के बाजारों के पश्चात तहसील कुलपहाड़ में समापन कार्यक्रम हुआ। तिरंगा यात्रा के समापन पर क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा बताया गया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए लोगों को जागरूक करने हेतु तिरंगा यात्रा एवं रैली का आयोजन किया गया है। हर घर तिरंगा रैली का उद्देश्य लोगों को राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्रीय भावना के प्रति जागरूक करना है।

इसी क्रम में श्रीनगर थानाध्यक्ष श्री दिनेश तिवारी द्वारा थानाक्षेत्र में भव्य रैली का आयोजन कर आमजनमानस से अपने-अपने आवास पर तिरंगा लगाने की अपील की गयी।





# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा कजली मेला को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु मेला ड्यूटी मे लगे समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण की ब्रीफिंग कर ड्यूटी के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।





आज दिनांक 11.08.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा कजली मेला को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मेला डयूटी मे लगे बाह्य जनपद के पुलिसबल व जनपदीय पुलिसबल के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण की ब्रीफिंग कर उनको मेले के सम्बन्ध मे महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी व पुलिस/प्रशासन द्वारा की गयी सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में अवगत कराया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स तैनात किया गया है, सभी सुरक्षाकर्मियों को अपनी ड्यूटी के प्रति सजग रहना होगा ड्यूटी पॉइंट पर जो भी अधिकारी लगाये गये ,वह वहां जाकर चेक करें यदि कहीं भी कोई परेशानी हो तो हमें बतायें जिससे हम सुधार कर सकें।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0 के0 गौतम, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी सदर श्री रामप्रवेश राय, मेला प्रभारी निरीक्षक श्री उमेश कुमार के अलावा ड्यूटी में लगा समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 11.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खरेला पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस सहित आपराधिक प्रवृत्ति के 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 11.08.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शस्त्र धारकों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना खरेला थानाध्यक्ष श्री सुखशेखर राही द्वारा गठित टीम उ0नि0 शिवकुमार यादव द्वारा 02 नफर अभियुक्त 1.सचिन राजपूत पुत्र राममिलन उम्र करीब 21 वर्ष के कब्जे से01 अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस बरामद होना व 2.दिनेश राजपूत पुत्र सुरेश चन्द्र राजपूत उम्र 23 वर्ष के कब्जे से 02 अदद जिन्दा कारतूस नाजायज बरामद होना अभियुक्तों को पांच पाटन मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 66/22 व 67/252 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट तहत अभियोग पंजीकृत किया गया । बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा जायेगा ।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिसटीम-

1.उ0नि0 शिवकुमार यादव थाना खरेला जनपद महोबा
2.हे0का0 आनन्द स्वरुप थाना खरेला जनपद महोबा
3.का0 मिथिलेश कुमार त्रिपाठी थाना खरेला जनपद महोबा

## गिरफ्तार अभियुक्त-

1.सचिन राजपूत पुत्र राममिलन उम्र करीब 21 वर्ष ग्राम बैधाय थाना राठ हमीरपुर
2. दिनेश राजपूत पुत्र सुरेश चन्द्र राजपूत उम्र 23 वर्ष ग्राम बल्लायं थाना खरेला महोबा

## बरामदगी-

01 अदद तमंचा 315 बोर व 04 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 11.08.2022

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में रक्षाबन्धन व राष्ट्रीय पर्व स्वतन्त्रता दिवस के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा।




आज दिनांक **11.08.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में रक्षाबन्धन व राष्ट्रीय पर्व स्वतन्त्रता दिवस के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा संवेदनशील स्थानों एंव सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गस्त कर अवैध अतिक्रमण को हटाने के संबंध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील । स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर ई-चालान किये गये।



